–:ऑनलाइन प्रवेश आवेदन करने हेतु निर्देश:–

ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने से पूर्व की जाने वाली तैयारी के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश एवं अपेक्षित सामग्री का विवरण निम्नानुसार है :–

1– पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो जो 6 माह पूर्व से अधिक पुराना नहीं हो। (स्केन कर अपलोड करने हेतु) अथवा पहले से खीचें गये फोटो की सॉफ्ट कॉपी

2– काले रंग के बॉल पैन से सफेद कागज पर किये गये आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर (स्केन कर अपलोड करने हेतु) अथवा स्केन किये गये हस्ताक्षर की सॉफ्ट कॉपी

3– यदि आवेदक स्नात्तक भाग प्रथम हेतु आवेदन कर रहा है तथा इसके लिए बोनस अंक प्राप्त करना चाहता है तो तत्संबंधी प्रमाण–पत्र अथवा इसकी सॉफ्ट कॉपी। इस हेतु अपेक्षित हैं कि आप प्रवेश नीति 2013–14 के बिन्दु संख्या 6.2 से 6.12 तक का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें । विगत तीन वर्षों में खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, पर्वतारोहण, शिला रोहण एवं वाल क्लाइमबिंग, रोवर रेंजर/स्काउटगाइड आदि सह शैक्षणिक गतिविधियों से संबधित नियम 6.5 से 6.12 में वर्णित लाभों में से किसी एक का लाभ (जो अधिकतम हो) आवेदक को देय होगा, अतः अधिकतम बोनस संबधी प्रमाण पत्र को अपलोड़ करें।

आवेदक बोनस अंक प्राप्त करने हेतु प्रमाण पत्र को अपलोड किये जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी इसे जारी करने के लिए अधिकृत है।

नोटः– जिन प्रमाण पत्रों में जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के पीछे किये हुए हैं वे प्रमाण पत्र को दोनो तरफ से स्केन कर (आगे व पीछे) एक ही फाइल के रूप में बना कर अपलोड करें।

4– आवेदन भरने की शुरूआत करने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि निम्नांकित दस्तावेज/सूचनाएं अपने साथ रखें :–

(i) अर्हंकारी परीक्षा (प्रथम वर्ष के लिए xii) उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं रोल नं.
(ii) जिस मोबाईल नं. पर आप प्रवेश संबंधी सूचना चाहते हैं वो मोबाईल नं. अपने साथ रखें।
(iii) इ–मेल आइडी, आधार नम्बर, इआइडी नं.,वोटर आइडी, बीपीएल कार्ड नम्बर (जो भी उपलब्ध हो)
(iv) सैकण्ड्री की अंकतालिका
(v) सीनियर सैकण्ड्री की अंकतालिका

नोटः–वर्ष 2011 से पूर्व के वर्षों में उत्तींण सभी आवेदको व राजस्थान एवं सीबीएसई बोर्ड के अतिरिक्त अन्य सभी बोर्ड से परीक्षा उत्तींण करने वाले आवेदको को, जो स्नात्तक भाग प्रथम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनको अंकतालिका की स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी।

(vi) यदि आप स्नात्तक भाग प्रथम में प्रवेश ले रहे हैं तो ऐच्छिक विषय के लिए संबंधित महाविद्यालय में उपलब्ध विषय एवं विषय संयोजन का अध्ययन कर विषय चयन कर लेवें ।
(vii) माता/पिता/संरक्षक का मोबाइल नं. व फोन नं. की जानकारी
(viii) पिता/संरक्षक की वार्षिक आय की जानकारी
(ix) यदि आपका बैंक में खाता है तो खाता संख्या ,बैंक का नाम, शाखा का नाम व आईएफएससी कोड साथ रखें ।

5– अभ्यर्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है उसे उसी महाविद्यालय के पेज लिंक से प्रवेश लेना होगा ।